तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]




## बारिश थमते ही किसानी में आई तेजी, रोपा पद्वित का जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में बारिश थमने के बाद खरीफ सीजन की खेती जोर पकड़ने लगा है। इन दिनों किसान सीधे खेतो की ओर रूख कर रहे है। बारिश से जिले के जिस ईलाके में खेतों में पानी भर गया, वहाँ पर किसान रोपा पद्वित से बुआई कर रहे है।

इस साल खरीफ सीजन में मानसून की देरी के कारण बोआई कार्य पिछड़ गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों की माने तो जुलाई के पहले सप्ताह तक बुआई हो जाना चाहिए था। जिले में बोआई पहले चरण की ओर बढ रहा है। कई किसान गर्मी सीजन में ही खेतों की जुताई कर चुके थे, ऐसे खेतों में बारिश से दुबारा जुताई करने में परेशानी नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार धान की बोआई का दौर शुरू होने के बाद कृषि महकमा भी सक्रिय हो गया है। आरईओ द्वारा किसानों को बोआई की पद्वित की जानकारी दे रहे है। इस वर्ष खरीफ में कृषकों को सोसायटी के माध्यम से उन्नत बीज उपलब्ध कराया गया है, जिसमें शीघ्र पकने वाली किस्म एमटीयू 1010-1394.70 क्विंटल, एमटीयू 1153- 339 क्विंटल, मध्यम अवधि में पकने वाली किस्म महामाया-962 क्विंटल, देर पकने वाली किस्म स्वर्ण सब 1- 1797.80 क्विंटल, ▶▶|शेष पेज 10 पर

### बीज अंकुरण का किसान करे पहले परीक्षण

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बोआई से पहले बीज का अंकुरण जांच करना बहुत जरूरी होता है। खेत में डाले गए बीज का अंकुरण सही नहीं होने पर वह स्थान पूरे फसल काल तक खाली रह जाती है एवं इस स्थान पर डाले गए रासायनिक एवं जैविक खाद प्रभावहीन हो जाते हैं। इसलिए बुआई पूर्व अंकुरण परीक्षण बहुत ही जरूरी है। इसके लिए बिना छांटे 100 बीज गिनकर गीली बोरी में कतार में रखकर लपेट कर रख दें। साथ ही बोरे में हल्की नमी बनाए रखें। तीन चार दिनों में बीज अंकुरण होने के बाद अंकुरित बीज की संख्या गिन ले, क्योंकि यही आपके बीज अंकुरण का प्रतिशत होगा। विभिन्न बीजों के माध्यम से उचित अंकुरण क्षमता के मापदंड अलग-अलग होते है। यदि बीज का अंकुरण प्रतिशत मापदण्ड से बहुत कम है, तो उस बीज की बुआई न करें तथा बीज स्त्रोत को बीज वापिस करें एवं तुरंत नजदीकी कृषि अधिकारी से जानकारी लें।

## खबर संक्षेप

### कांकेर के दो शिक्षकों ने कुल्लू मनाली एडवेंचर में लिया हिस्सा



**कांकेर।** भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्काउट एवं गाइड प्राकृतिक अध्ययन आपदा प्रबंधन हाइक एडवेंचर गत 24 जून से 2 जुलाई तक दिल्ली, कुल्लू मनाली, शिमला एवं चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। इस हाइक एवं एडवेंचर शिविर में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों सहित कांकेर के दो स्काउट शिक्षक संजय कुमार जुर्री शाउमा विद्यालय तालाबेडा अंतागढ़ एवं उमेश कुमार शाउमा विद्यालय बारवी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होकर कांकेर ज़िले का प्रतिनिधित्व किया।

### इलाज के दौरान अधेड़ की मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत 56 वर्षीय हरिराम नरेटी का इलाज के दौरान 5 जून को जिला अस्पताल में मौत हो गई। थाना कांकेर में शून्य पर कायम कर मर्ग डायरी नरहरपुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सफलता: दोनों संदिग्ध से 4 भरमार बंदूक के साथ नक्सली से जुड़ी सामग्री मिली

# एक महिला एवं एक पुरूष संदिग्ध सामान के साथ अंदरूनी इलाके में पकड़ाए, पुलिस पूछताछ में जुटी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के अंदरूनी ईलाके से संदिग्ध एक महिला एवं एक पुरूष को पकड़ने में जिले के फोर्स को सफलता मिली है। इनके पास से संवेदनशील हथियार व सामग्री भी जप्त हुई है। फोर्स दोनो संदिग्ध से पूछताछ करने में जुटी है, उसी के बाद फोर्स मामले का खुलासा करेगी।

- फोर्स दोनों संदिग्धों की पहचान करवाने में जुटी, पहचान के बाद होगा खुलासा

जानकारी के अनुसार मुखबिर की जानकारी पर फोर्स को दो संदिग्ध पकड़ में मिले और उनके द्वारा बताए गए स्थल से कई संदिग्ध भी सामान मिले है। फोर्स संदिग्धों से पूछताछ करने में जुटी है। फोर्स संदिग्धों की कार्यशैली और उनके बारे में सबूत एकत्र करने में जुटी हुई है। फोर्स को उनके पास से 04 देशी भारमार बंदूक, 45 नग सुतली बम, 3 नग लीड मेटल राड्स, इलेक्ट्रिक प्लेक्सिबली वायर 200 मीटर, गन पाउडर 300 ग्राम, सेल 2 नगर, एफएम रेडियो 2 नग, मल्टी चार्जर एक नग, सोलर पैनल 1 नग, खाली टिफिन बाक्स 1 नग, कैची 2 नग, टार्च 1 नग, स्टील बॉल 50 नग, इंसुलेशन टेप 5 नग, नक्सली बैनर 4 नग, एंड्रायड मोबाईल फोन 2 नग, नक्सली यूनीफार्म दो जोड़ी, नक्सली पिट्टू बैग 2 नग, नक्सली साहित्य, वृहद स्तर पर दवाईयां मिली है।





फोर्स दोनो संदिग्धो से मिली सामग्री को लेकर पूछताछ कर रही है, यह सामग्री संदिग्धों के पास कैसे पहुँची है। दोनो संदिग्ध दिनभर से किसी भी तरह का जवाब देने से कतरा रहे है। संदिग्धों से फोर्स को मिली सामग्री और उनकी गतिविधियों के बारे में आसपास से जानकारी एकत्र करने में लगी हुई है। फोर्स को शंका है कि दोनो पकड़ाए संदिग्ध से नक्सली सामग्री मिली है और इनकी नक्सलियों में संलिप्ता है या नहीं, उसकी पतासाजी क्षेत्र और समपर्ति नक्सलियों से किया जा रहा है। फोर्स अभी इस मामले में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। फोर्स का यहीं कहना है कि संदिग्धों के बारे में पुष्ट जानकारी मिलने के बाद ही खुलासा किया जाएगा।

### नक्सली होने की आशंका

फोर्स को दोनो के नक्सलियों से जुड़ी मिली सामग्री के चलते उनको नक्सली होने की संभावना जता रही है, परंतु उसके पहले उनके बारे में विस्तृत पतासाजी किया जा रहा है। फोर्स संदिग्धों के बारे में पुष्ट जानकारी मिलने के बाद ही मीडिया को विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

### संदिग्धों के पास कहाँ से आया सामान

फोर्स दोनो संदिग्ध से यह भी पूछताछ कर रही है कि नक्सली से जुड़े बैनर, यूनीफार्म और 04 भरमार बंदूक एवं अन्य सामग्री किसके माध्यम से उन तक पहुँची है। फोर्स सामग्री सप्लाई करने वाले नेटवर्क का भी पता लगाने में जुटी हुई है। फोर्स के दबाव के चलते माओवादी लगातार दूसरे राज्यों के बार्डर पर ही पनाह लेकर भाग रहे है, उसके बाद यह सामग्री और यह संदिग्ध किसके लिए काम कर रहे है, उसकी जाँच जारी है। दोनो संदिग्धों से अभी तक फोर्स को कोई बड़ा इनपुट नहीं मिला है। फोर्स का मानना है कि दोनो संदिग्धों से बड़ा इनपुट मिल सकता है।

## शिक्षक की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत डोंगरकट्टा के ऊंचपानी के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर को गाँव के प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी से अवगत करवाया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में प्राथमिक शाला में एक ही दिव्यांग शिक्षक है और शाला में 52 बच्चे अध्यनरत है। ऊंचपानी के ग्रामीणों ने सप्ताह के अन्दर शिक्षक व्यवस्था करने का अधिकारियों से आग्रह ▶▶|शेष पेज 10 पर




## विद्यार्थियों व जनप्रतिनिधियों का सम्मान होगा आज

**दुर्गुकोंदल।** अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई दुर्गुकोंदल एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के तात्वधान में व युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्तु पवार, महासचिव श्याम सिंह तारम उपस्थित ▶▶|शेष पेज 10 पर

## नदी पार करती महिला की डूबने से मौत

**दुर्गूकोंदल।** क्षेत्र में लगातार तीन-चार दिनों से बारिश के चलते नदी नाला में बाढ़ आने के कारण थाना सिकसोड़ के कड़मे निवासी 55 वर्षीय मुरही बाई पति चैतराम 3 बजे अपनी बेटी के घर ग्राम कतरू कुरूषबोड़ी थाना दुर्गूकोंदल भंगाराम नदी कुरुषबोड़ी को पार कर आ रही थी। नदी में बाढ़ अधिक होने के कारण पानी में डूबने से मौत हो गई। पति चैतराम की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया। घटना ▶▶|शेष पेज 10 पर






**खबर संक्षेप**

## नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं किया स्वागत, गणवेश और स्टेशनरी का किया वितरण



सरोना। विकासखण्ड नरहरपुर के सरोना तहसील के पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम बालक प्राथमिक शाला में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ के उपलक्ष्य में शाला प्रवेश पारंपरिक गरिमा और आत्मीयता के साथ मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में शुरुआत सरस्वती मां की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, फूलों की वर्षा कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सभी नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तकों, गणवेश और स्टेशनरी का वितरण किया। यह दृश्य न केवल भावुक कर देने वाला था, बल्कि यह शिक्षा के प्रति समाज की जागरूकता और लगाव को भी दर्शाता है। उपसरपंच दिनेश सहारे ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। गांव का विकास तभी संभव है जब उसके बच्चे शिक्षित होंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि ग्राम पंचायत की ओर से विद्यालय को हर संभव सहयोग दिया जाएगा और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। वार्ड पंच अनिल गजपाल ने पालकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई में रुचि लें, नियमित विद्यालय की जानकारी लेते रहें और शिक्षकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। प्रधान पाठक धनेश नेताम ने कहा कि पीएमश्री योजना के तहत इस विद्यालय को शैक्षणिक, तकनीकी और संरचनात्मक दृष्टि से आदर्श बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## जिलास्तरीय योगासन स्पर्धा का आयोजन होगा 13 से

भानुप्रतापपुर। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा योगासन को बढ़ावा देने तथा प्रतिभाओं को चिन्हित करने के लिए चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 13 जुलाई रविवार को सामुदायिक भवन रेस्ट हाउस के सामने भानुप्रतापपुर में प्रातः 8 बजे से संध्या तक आयोजित की जाएगी। आयोजित कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर एवं समापन सत्र के मुख्य अतिथि योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा होंगे। एसोसिएशन को छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, योगासन भारत ,वर्ल्ड योगासन से मान्यता प्राप्त है। प्रतियोगिता प्रारूप आयु वर्ग 1 जनवरी को आधार मानते हुए 6 वर्गों में प्रतिस्पर्धा होगी, जिसमें सब जूनियर 10 से 14 वर्ष, जूनियर 14 से 18 वर्ष, सीनियर 18 से 28 वर्ष, सीनियर ए 28 से 35 वर्ष, सीनियर बी 35 से 45 वर्ष सीनियर सी 45 से 55 वर्ष के श्रेणियाँ में प्रत्येक आयु वर्ग के बालक पुरुष एवं बालिका महिला प्रतिभागी निम्नलिखित श्रेणियों में भाग ले सकते है। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य जिले में योगासन को लोकप्रिय बनाना और प्रतिभाओं को तराशना है। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभावान खिलाड़ी आगे चलकर छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त करेंगे। वहाँ से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय, एशियाई और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में राज्य व देश का प्रतिनिधित्व कर सकेंगे।

**आयोजन:** शिक्षा गुणवत्ता अभियान और शिक्षकों की प्राथमिक नियुक्ति से बढ़ेगी व्यवस्था

# डांगरा में शाला प्रवेश उत्सव में स्कूली बच्चों को नए शिक्षा सत्र के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




विकासखंड दुर्गुकोंदल में नए शिक्षा सत्र की शुरूआत हो चुकी है और इस अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस उत्सव का उद्देश्य न केवल बच्चों को स्कूलों की ओर आकर्षित करना है, बल्कि शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने और शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना भी है। इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में जनांदोलन का रूप देने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

■ स्कूलों की ओर बढ़े नन्हें कदम जनप्रतिनिधियों ने निभाई भागीदारी

आयोजित कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष घमेश्वर कोमरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा गुणवत्ता अभियान की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है। इसके साथ ही सरकार द्वारा शिक्षकों एवं विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण करते हुए शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की प्राथमिकता से पदस्थापना की गई है, जिससे शिक्षा का अधिकार हर बच्चे तक पहुंच सके। प्रदेश को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण अवश्य है, परंतु यह असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि असंभव को संभव बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर सार्थक प्रयास करने होंगे। इसके लिए सबसे पहले यह जरूरी है कि कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे और सभी बच्चों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित हो। प्राचार्य राजबत्ती पोटाई ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शाला प्रवेशोत्सव के दौरान सक्रिय रूप से भाग लें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। यह पहल शिक्षा को एक सामाजिक आंदोलन का रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से न केवल बच्चों का नामांकन बढ़ेगा, बल्कि स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं और शैक्षणिक गुणवत्ता पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रदेश को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है, लेकिन असंभव नहीं। समाज के हर वर्ग को मिलकर सार्थक प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में सरपंच रमुला नरेटी, उपसरपंच विनोद मंडावी, राजेन्द्र नरेटी, जगदेव कोरेटी, राम नरेटी, अशोक नरेटी सहित जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

## आमागढ़ स्कूल में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव



दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल के संकुल आमागढ़ के हाई स्कूल आमागढ़ में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया और एक पेड़ माँ के नाम से शाला परिसर में एक पेड़ लगाया एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विकास राजु नायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के मंशानुसार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा गुणवत्ता अभियान की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शाला प्रवेशोत्सव के दौरान सक्रिय रूप से भाग लें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। इस उत्सव का उद्देश्य न केवल बच्चों को स्कूलों की ओर आकर्षित करना है, बल्कि शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने और शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना भी है। इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में जनांदोलन का रूप देने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। विजय पटेल ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव पुरे प्रदेश में एक त्यौहार के रुप में स्कूलों में मनाया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ के हर कोने में शिक्षा की रोशनी पहुंचे। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया केवल प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को संवारने का एक सार्थक प्रयास है। इस पहल से ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में बच्चों को नियमित शिक्षा का अवसर मिलेगा, जिससे उनके सपनों को नई उड़ान मिलेगी। यह पहल शिक्षा को एक सामाजिक आंदोलन का रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में हानपतरी सरपंच शिवलाल ध्रुव, संकुल प्रभारी प्राचार्य उदेराम भुआर्य, रामचंद्र कल्लो, सतीश जैन, बीरेंद्र जैन, राजु तारक, शिवचरण निषाद, संजय नरेटी, रामप्रसाद दुग्गा, सोमनाथ गोटा, शिवलाल निषाद, हंसराज उइके, ग्रामवासी पंचू राना, सामू मेरिया, संकुल समन्वयक सुरेन्द्र उइके, सबल दीवान, चेमल रामदयाल यादव, हिंगनपूरी अहिमत पटेल, भानुमति मानकर, चन्द्रिका सहारे, शाला के समस्त स्कूली स्टॉप उपस्थित रहे।

## धौराभाठा में मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम धौराभाठा संयुक्त रूप से आश्रम शाला, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला का शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन शिक्षा को बढ़ावा देने, बच्चों को आत्मीयता का अनुभव कराने तथा विद्यालय के प्रति समुदाय की सहभागिता को मजबूत करने का प्रतीक बन गया। उत्सव के शुभारंभ पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का पारंपरिक गुलाल से स्वागत किया गया और उन्हें मिठाई खिलाकर विद्यालयी जीवन के प्रथम कदम का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को गणवेश, कॉपियाँ, पुस्तकें एवं पेन वितरित किए गए। कर्मचारी संघ की ओर से प्राथमिक स्तर के सभी बच्चों को स्कूल बैग और अतिरिक्त कॉपियाँ प्रदान किया गया, जिससे छात्रों में उल्लास और आत्मविश्वास की झलक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, पालकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारी संघ के सदस्यों के साथ-साथ गाँव की माताओं ने भी बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे यह आयोजन सामुदायिक सहभागिता का सजीव उदाहरण बन गया और साथ ही इस अवसर पर शाला विकास समिति का भी विधिवत गठन किया गया, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, आधारभूत संरचना सुधारने और सामूहिक निर्णयों से विद्यालय की उन्नति सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श किया गया।

## शाहवाड़ा में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखंड चारामा अंतर्गत संकुल केन्द्र शाहवाड़ा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शाउमावि शाहवाड़ा के प्रांगण में किया गया। सभी नवप्रवेशित बच्चों को निःशुल्क गणवेश और पाठयपुस्तक का वितरण किया गया।

■ एक पेड़ मां के नाम' के साथ शिक्षा का आरंभ

■ नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक स्वागत, मिली पाठ्यसामग्री और मार्गदर्शन

इस अवसर पर स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया और साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा आशीर्वचन के रूप में नशा के दुष्प्रभाव को बताते हुए बच्चों को उज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के महत्व को समझाया गया एवं नवप्रवेशित बच्चों को मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया।

**ये रहे शामिल-** कार्यक्रम में तेजेश्वरी गब्बर सिन्हा, घनश्याम जुर्री, प्रदीप कोड़ोपी, मंजुषा मंडावी, श्रवण साहू, हेमन्त कुंजाम, कामता रामटेके, जयसिंह नागवंशी, कुबेर सिंह ठाकुर, रामबती कोड़ोपी, पुष्पलता गनवीरे, श्रवण गनवीरे, महादेव भास्कर, डीके साहू, रामेश्वर पटेल, सुरेश कुमार, सुरेश कुमार कुंजाम, उमेंद सिंह कांगे, दिलीप नेताम, विनोद पोया, नरेश सलाम, भेश्वर पोया, मधु ठाकुर, सतीश कुमार सोनकर, गोपी किशन साहू समेत संकुल के समस्त शिक्षक एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।




## कलंगपुरी में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के हाई स्कूल कलंगपूरी में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया और मिठाई खिलाकर गणवेश एवं किताबें बांटे गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष योगेश कुलदीप ने कहा की आज हम सभी के लिए यह गर्व का क्षण है क्योंकि हम आप सभी का हमारे वार्षिक दिवस कार्यक्रम में स्वागत करते हैं। यह हमारे लिए एक शानदार वर्ष रहा है। खासकर हमारे होनहार युवा प्रतिभाशाली बच्चों के लिए। मैं इस अवसर पर आप सभी माता-पिता, अभिभावकों और बच्चों का हमारे स्कूल के प्रवेश उत्सव में स्वागत करता हूँ। आज के युग में शिक्षा एक अनिवार्य भोज्य पदार्थ जैसा है कि इसे हम खाएंगे तो सुपोषित होंगे और नहीं खाए तो कुपोषित होंगे। शाला प्रवेशोत्सव बच्चों, शिक्षकों व पालकों के बीच सामंजस्य बनाने का उत्सव है, जिससे पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार, बच्चों के सीखने की क्षमता इत्यादि में विभिन्न परिवर्तन देखने को मिलता है।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य बलीराम दुग्गा, परमानन्द जैन, बहादुर सोरी, सेवाराम गावड़े, उमेंद्र जैन, जागेश्वर जैन, रामप्रसाद नरेटी, राजेश यादव एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित उपस्थित रहे।

## सफाई अपनाओ बीमारी भगाओं अभियान का हुआ शुभारंभ

**अंतागढ़।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित सफाईअपनाओ बीमारी भगाओ अभियान की शुरुआत नगर पंचायत अंतागढ़ में किया गया, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, उपाध्यक्ष अमल सिंह नरवास के द्वारा हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



गौरतलब है कि मानसून आते ही साफ सफाई और स्वच्छता जैसे चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही जलजनित और कई बीमारियां भी फैल जाती है। इस पहल का उद्देश्य शहरी स्थानीय निकायों की तैयारियों को बढ़ाना है की वे की जून से अगस्त महीने के दौरान भारी बारिश के कारण स्वास्थ्य जोखिमों से पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने तैयार रहे। सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के प्रमुख तत्वों में विशेष सफाई अभियान कचरे का संग्रह व परिवहन सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई, बच्चों के लिए स्वच्छता और साफ सफाई सुविधाए, पानी की गुणवत्ता का पर्याप्त नमूनाकरण, पेयजल की आपूर्ति, जल कार्यों का रखरखाव और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने की योजना बनाना शामिल है।

**ये रहे शामिल-** इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर, पार्षद शांतनु मानकर, धन्नू गोटा, गोलू महावे, भूपेश ठाकुर, लक्षण साहू, नगर पंचायत के सफाईकर्मी शामिल रहे।

## गणेश उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक

**भानुप्रतापपुर।** गणेश उत्सव के 1 माह पहले ही गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण करने को लेकर प्रशासन ने शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले आसपास के गांव के समितियों को बुलाया गया।



एसडीएम गंगाधर वाहिले के अध्यक्षता में आयोजिम बैठक में कहा कि गणेश उत्सव में 11 दिन पूजा अर्चना किया जाता है। समिति अपने तरीके से अलग अलग दिन विसर्जन करते है, जिससे परेशानी होती है। शहर में रास्ता जाम होता है एवं विसर्जन को एक दिन किया जाए, जिससे प्रशासन और पुलिस को कार्य करने में सुविधा होगी। डीजे 5 डिसबल रात्रि 10 बजे से अधिक आवाज में नहीं बजाय जाएगा। एसडीएम वाहिले ने कहा हमारी भी आस्था है श्रद्धा के साथ करे। 6 सिंतम्बर को एक साथ सभी समिति शोभायात्रा निकालेंगे और विसर्जन किया जाएगा। गणेश समिति यह भी ध्यान रखे कोई व्यवधान न हो। शराब आदि पीकर शामिल न हो।

**ये रहे उपस्थित-** बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना, नरोत्तम सिंह चौहान, पार्षद रजिंदर रंधावा, सुमित्रा साहू, कृति पददा, राजकुमार यादव, गुमान सिंह ठाकुर, भगत शांडिल्य, विजय धामेचा, राजकुमार दुबे, अनिता रावटे, एसडीओपी शेर बहादुर सिंह, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख आदि उपस्थित रहे।

## धान उपार्जन केंद्र में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जिले के सरोना तहसील अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दुधावा के धान उपार्जन केंद्र परिसर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम उठाते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधे रोपे गए, जिससे न केवल परिसर की हरियाली बढ़ेगी, बल्कि आने वाले समय में पर्यावरण संतुलन को भी बल मिलेगा।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दुधावा के समिति प्रबंधक गंगाधर यादव, लेखपाल इंद्रभान साहू तथा अन्य समिति सदस्य व कर्मचारीगण ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। गंगाधर यादव ने इस अवसर पर कहा कि हरित पर्यावरण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अगर हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, पानी और जीवन देना चाहते हैं, तो हर व्यक्ति को पौधारोपण में भाग लेना चाहिए। इंद्रभान साहू ने कहा कि वृक्ष हमें न केवल ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि ये पृथ्वी की सुंदरता बढ़ाने, तापमान को नियंत्रित करने और जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने में भी सहायक होते हैं। समिति द्वारा किया गया यह पौधारोपण निश्चित रूप से एक सकारात्मक पहल है। पौधारोपण के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने यह संकल्प भी लिया कि वे इन पौधों की नियमित देखभाल करेंगे ताकि ये स्वस्थ रूप से विकसित होकर आने वाले समय में समिति परिसर को हराभरा और वातावरण को शुद्ध बना सकें।



## तीन साल से अधूरा पड़ा शौचालय निर्माण कार्य, छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

पूर्व माध्यमिक शाला कुरालठेमली का मामला



नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत स्थित पूर्व माध्यमिक शाला कुरालठेमली में मूलभूत सुविधाओं के अभाव ने एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर कर दिया है। विद्यालय में पिछले तीन वर्षों से अधूरा पड़ा शौचालय भवन आज भी बदहाल है। छात्र-छात्राएं, शिक्षक और ग्रामीण सभी त्रस्त हैं, लेकिन प्रशासनिक मशीनरी और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अब तक मौन हैं।

ग्रामीणों के अनुसार इस शौचालय निर्माण कार्य की जिम्मेदारी पूर्व सरपंच द्वारा ली गई थी, लेकिन तीन साल बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा ही पड़ा है। निर्माण स्थल पर केवल ईंट पत्थरों का ढांचा खड़ा है, जो न तो उपयोग लायक है और न ही सुरक्षित। यह अधूरा निर्माण न सिर्फ विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधा का मज़ाक बना रहा है, बल्कि साफ तौर पर लापरवाही की मिसाल भी बन चुका है। विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बताया कि शौचालय की अनुपलब्धता के कारण विशेषकर बालिकाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार असुविधा और शर्मिंदगी के कारण बच्चे स्कूल आना ही छोड़ देते हैं। यह स्थिति बालिकाओं की शिक्षा में सबसे बड़ी बाधा बन चुकी है।

**ग्रामीणों में आक्रोश-** शिक्षकों ने यह भी बताया कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों और पंचायत स्तर पर इसकी शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में ज़रूरतमंदों तक पहुंचे, इसके लिए पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। यदि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण नहीं मिलेगा, तो शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी प्रयास भी अधूरे ही रह जाएंगे।

**पेज 9 के शेष...**

### बारिश थमते ही...

संपदा 422.40 धान की उन्नत किस्मों का जिले में भंडारण एवं वितरण कर कृषकों को उपलब्ध कराया गया है।

### शिक्षक की मांग...

किया है, अन्यथा 12 जुलाई से स्कूल में ताला बंद कर उग्र आन्दोलन करने की बात कही है। अनुविभागीय अधिकारी गंगाधर वाहिले ने सबंधित विषय में तत्काल खंड शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही करने निर्देश दिया है।

### विद्यार्थियों व जनप्रतिनिधियों...

होंगे। दुर्गुकोंदल ब्लॉक में निवासरत हल्बा समुदाय के कक्षा 10वीं, 12वीं, उत्तीर्ण एवं नवोदय, एक्लव्य में चयनित छात्र छात्राओं एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन आज 05 जुलाई शनिवार को आयोजित किया गया है। हल्बा समाज के लगभग 70 से अधिक स्कूली बच्चे व 10 नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि का सम्मान किया जाएगा।

### नदी पार करते...

थाना क्षेत्र दुर्गूकोंदल का मामला है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव ने घटना की पुष्टि किया है।

## खबर संक्षेप

### बीएलओ सुपरवाइजर व बूथ लेबल अधिकारियों का ब्लॉकवार प्रशिक्षण



**सुकमा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 की प्रारम्भिक तैयारी के तहत बीएलओ सुपरवाइजर एवं बूथ लेबल अधिकारियों का ब्लॉकवार 3 दिवसीय प्रशिक्षण नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी(रा) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शबाब खान की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर रुपेश समरथ एवं सौरभ उप्पल के द्वारा दिया गया, जिसमें शबाब खान द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र बूथ लेबल अधिकारियों और बीएलओ सुपरवाइजर की जिम्मेदारियों और कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। उसके बाद द्वितीय सत्र में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण एवं आवश्यक बिंदुओं पर रुपेश समरथ एवं बीएलओ ऐप एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में तकनीकी जानकारी सौरभ उप्पल द्वारा दी गई। इस प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र ठाकुर, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### बीजापुर ने एनक्यूएएस प्रमाणन में हासिल किया 96.4 प्रतिशत अंक



**बीजापुर।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुमनार, ब्लॉक बीजापुर जिला बीजापुर ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस प्रमाणन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो आयुष्मान भारत योजना के तहत व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के मिशन को मजबूत करती है। एनक्यूएएस मूल्यांकन में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं, बुनियादी ढांचे, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्वच्छता, और रोगी देखभाल की गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया गया।

## स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने निर्देशित किए

# 46 गांव को 2.57 करोड़ के विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत, ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विजय शर्मा द्वारा जिले के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों का बैठक लेकर समीक्षा किया गया। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत बीजापुर

- सुदूर अंचल के गांवो में सामुदायिक भवन, सीसी सड़क, पुलिया, शेड एवं नाली निर्माण से विकास को मिलेगी गति

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 2 करोड़ 57 लाख 69 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि जिले के चारों विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण हेतु स्वीकृत की गई है। उप मुख्यमत्री विजय शर्मा ने स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए भैरमगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत




विभिन्न ग्रामों में आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए 90 लाख 30 हजार रुपये की मंजूरी दी गई है। ग्राम तुमला में सामुदायिक भवन हेतु 6 लाख 50 हजार, पिनकोण्डा में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, फुलादी, मिनगाचल, एवं पेदापाल में शेड निर्माण कार्य के लिए 6-6 लाख रूपए, छोटेगोंगला में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, तोयनार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार, अम्बेली में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, पोन्दुम में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार, मंगापेठा में शेड निर्माण के लिए 6 लाख, कोण्ड्रोजी में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार, दरभा में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार, चेरली में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार, बेचापाल में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार, केशकुतल में शेड निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत किया गया है। इसी तरह बीजापुर विकासखण्ड अंतर्गत 55 लाख 80 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें से ग्राम बोरजे में शेड निर्माण के लिए 6 लाख, मेटापाल में शेड निर्माण के लिए 5 लाख, पिडिया में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार, पदेड़ा में शेड निर्माण के लिए 7 लाख 50 हजार, तोड़का में पुलिया निर्माण कार्य के लिए 5 लाख एवं शेड निर्माण के लिए 2 लाख, पालनार में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार, चिन्नाकवाली में शेड निर्माण के लिए 4 लाख एवं सीसी रोड के लिए 2 लाख 60 हजार, पुसनार में शेड निर्माण के लिए 5 लाख, एरमनार में पुलिया के लिए 5 लाख एवं शेड निर्माण के लिए 2 लाख हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

विकासखण्ड उसूर अंतर्गत 69 लाख 19 हजार रूपए की राशि स्पवीकृत की गई है। जिसमें से एंगपल्ली में पुलिया निर्माण के 6 लाख 50 हजार, सेमलडोडी में पुलिया निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार, पेदागेल्लुर में पुलिया निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार, हीरापुर में नाली निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 91 हजार, लंकापल्ली में पुलिया निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार, गलगम में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार, तर्रेम में सोलर लाईट के लिए 3 लाख 4 हजार, कोरसागुड़ा, धरमारम, पामेड़, पुसगुड़ी में पुलिया निर्माण के लिए 19 लाख 50 हजार, पुसगुड़ी में सोलर लाईट के लिए 3 लाख 04 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। भोपालपटनम विकासखण्ड अंतर्गत 42 लाख 40 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें से देपला, अटुकपल्ली एवं गोरला में सामुदायिक भवन के लिए 19 लाख 50 हजार, पेदलालम में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार, वरदली में सीसी रोड के लिए 5 लाख 20 हजार, बारेगुड़ा में सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार एवं दम्पाया में शेड निर्माण के लिए 6 लाख रूपए चारों ब्लॉक के लिए कुल 257 करोड़, 69 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

उप मुख्यमत्री ने उपस्थित जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत के सरपंचों से स्वीकृत निर्माण कार्यों का समीक्षा करते हुए कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देशित किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, सचिव पंचायत विभाग भीम सिंह, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुन्दरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, वनमण्डलाधिकारी रामाकृष्णा रंगानाथा वाय सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पहले नक्सलियों ने दी प्रताड़ना अब सिस्टम कर रहा प्रताड़ित

## रिश्वत नहीं देने पर स्थानांतरण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

नक्सली हिंसा के शिकार परिवार से आने वाले एक कर्मचारी ने मंडल संयोजक एवं अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आलोक मिडियामी, जो प्रामि बालक छात्रावास कटेकल्याण में पदस्थ हैं ने जिला प्रेस को एक लिखित आवेदन सौंपकर बताया कि उन्हें मंडल संयोजक धीरज नाग द्वारा बार-बार परेशान किया जा रहा है और 30 हजार रुपये की रिश्वत न देने पर स्थानांतरण की धमकी दी गई है।

पीड़ित कर्मचारी ने बताया कि उनके पिता जयसिंह मिडियामी की हत्या वर्ष 2007 में नक्सलियों द्वारा कर दी गई थी, जिसके बाद उन्हें नक्सली पीड़ित कोटे से नौकरी मिली। वे वर्ष 2015 से सेवा दे रहे हैं और वर्तमान में बालक छात्रावास कटेकल्याण में कार्यरत हैं। उनका आरोप है कि पिछले एक वर्ष से अधीक्षक धीरज नाग उन्हें मानसिक





रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, उनकी मां 65 वर्ष की हैं, दो छोटे बच्चे हैं और परिवार की जिम्मेदारी उन पर है, फिर भी उन्हें परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि धीरज नाग ने उन्हें हटाकर अपने परिवार व परिचितों को पद दिलाने के लिए षड्यंत्र किया। उनका कहना है कि स्थानांतरण आदेश भी गलत तरीके से तैयार किया गया है और विकास खंड गीदम में कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, पूर्व माह का वेतन भी रोक दिया गया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय की ड्यूटी में होने के बावजूद छात्रावास में उपस्थिति प्रमाण पत्र न देने का झूठा आरोप लगाकर उनका वेतन रोका गया और छात्रावास अधीक्षक पद पर पुनः नियुक्त कर दिया गया, जबकि वह पद स्वामी आत्मानंद स्कूल को सौंपा गया था। पीड़ित कर्मचारी ने प्रशासन से मांग की है कि उनका स्थानांतरण रोका जाए और मंडल संयोजक व अधीक्षक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

### मिलनी चाहिए प्राथमिकता

इस तरह का पत्र पहुंचा है, नक्सल पीड़ित और स्वास्थ्यगत समस्या है तो उन्हें प्राथमिकता स्थानांतरण में दी जायेगी। लेकिन पैसे लेने की शिकायत हम तक नहीं आई है।

-राजू कुमार नाग,
सहायक आयुक्त दंतेवाड़ा

# बस्तर धाकड़ युवा संगठन ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

दंतेवाड़ा के चितालुर में धाकड़ युवा संगठन के पदाधिकारियों ने नेशनल थाईबाक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीन खिलाड़ियों नुपुर ठाकुर, छाया नाग और नेहल ठाकुर को बधाई देने के लिए दौरा किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह ठाकुर, रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर, प्रेमसागर ठाकुर, विजय सिंह ठाकुर, गजेन्द्र सिंह ठाकुर और मनोज कुमार ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

नुपुर ठाकुर और छाया नाग ने अपनी श्रेणी में स्वर्ण पदक जीते और अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। नेहल ठाकुर ने भी अपनी श्रेणी में रजत पदक जीतकर जिला प्रदेश व धाकड़ समाज का नाम रोशन किया और अपने खेल कौशल का लोहा मनवाया। धाकड़ युवा संगठन ने इन विजेताओं को सम्मानित करके खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया। संगठन का उद्देश्य धाकड़ समाज के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करना है। बस्तर धाकड़ युवा संगठन के पदाधिकारियों ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विजेताओं ने अपने अनुभव साझा किए और अपने खेल कौशल को और बेहतर बनाने के लिए अपने प्रयासों के बारे में



बताया। विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन हमेशा से ही खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं शिक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी समाज के युवाओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया जाएगा। रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर ने कहा कि विजेताओं को सम्मानित करना एक सराहनीय पहल है और इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। प्रेमसागर ठाकुर ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन का उद्देश्य धाकड़ समाज के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करना है। मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन की इस पहल से निश्चित रूप से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने खेल कौशल को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

नुपुर ठाकुर ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन द्वारा सम्मानित किया जाना एक बड़ा सम्मान है और इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। छाया नाग ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन की पहल से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। नेहल ठाकुर ने कहा कि धाकड़ युवा संगठन का समर्थन और प्रोत्साहन उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इससे वे अपने खेल कौशल को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

# किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में ब्लॉक छिंदगढ़ के ग्राम धोबनपाल में तिल की खरीफ फसल की तैयारी एवं कतारबद्ध बुआई विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को तिलहन उत्पादन की उन्नत तकनीकों से अवगत कराना था।

प्रशिक्षण में केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ राजेन्द्र प्रसाद कश्यप एवं कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार सिदार ने किसानों को सफेद तिल की उन्नत किस्म उन्नत रामा की विशेषताओं एवं उत्पादन विधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। बताया गया कि इस वर्ष जिले में कुल 198 हेक्टेयर क्षेत्र में तिलहन अग्रिम पंक्ति समूह प्रदर्शन किए जाने हैं। इसके लिए किसानों का चयन, खेत की तैयारी, बुआई का



उपयुक्त समय, बीज की मात्रा, बीज उपचार, जैव एवं रासायनिक खाद का संतुलित उपयोग, साथ ही कीट एवं रोग नियंत्रण की समुचित जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कतारबद्ध बुआई की उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा कि इससे फसल की देखरेख आसान होती है और उत्पादन में वृद्धि संभव है। किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों की जानकारी भी दी गई, जिससे श्रम एवं लागत की बचत करते हुए अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम में कुल 32 किसान सहभागी बने। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र से परमेश सिंह शोरी भी उपस्थित रहे।

# कीचड़युक्त सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

बस्तर ब्लॉक की मधोता पंचायत पटेलपारा मार्ग की हालत बद से बदतर हो चुकी है। लगातार शिकायतों के बावजूद इस सड़क की सुध लेने कोई तैयार नहीं है। पूरे मार्ग पर कीचड़ व गंदगी का अंबार लगा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा

- सचिव-सरपंच की लापरवाही से ग्रामीणों की जिंदगी बनी मुसीबत

है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव ललित बघेल और सरपंच की लापरवाही के चलते यह स्थिति बनी है।

ग्रामीणों ने बताया कि सचिव को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन हर बार वह टालमटोल करते रहे और सरपंच के पति से बात करने को कह देते हैं। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि



सचिव ने आज तक खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा भी नहीं लिया।

ग्राम पंचायत मधोता के वरिष्ठ नागरिक अर्जुन भण्डारी ने इस समस्या पर जिला कलेक्टर से जनहित में तत्काल कार्यवाही और मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग की है। उनका कहना है कि जब ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोग ही अपने कर्तव्यों से विमुख हैं, तो ऐसे में जनता किससे उम्मीद करे। इस समस्या ने न सिर्फ ग्रामीणों की दिनचर्या को प्रभावित किया है, बल्कि बारिश के समय इस रास्ते से पैदल चलना भी किसी जंग से कम नहीं। छात्र-छात्राओं, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष कठिनाई हो रही है।

जनता की मांग है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई कर मार्ग की मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू किया जाए।

# सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

तोकापाल ब्लॉक स्थित अस्पताल के सामने सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य का शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। यह कार्य क्षेत्रीय जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 2.60 लाख की लागत से प्रारंभ किया जा रहा है। इस विकास कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। सड़क निर्माण से अस्पताल जाने वाले मरीजों, ग्रामीणों एवं राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में स्वच्छता व स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था में भी सुधार होगा। विधायक विनायक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र के हर कोने में मूलभूत सुविधाएं पहुंचें और विकास की रोशनी हर घर तक पहुंचे। यह सड़क न केवल सुविधा का मार्ग है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास का प्रतीक भी है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने कार्य के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया।

## युवाओं को सही मार्गदर्शन और भविष्य संवारने के लिए प्रशिक्षण

# नये कक्ष का हुआ शुभारंभ, राष्ट्रीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खिलाड़ियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

चारामा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कानापोड़ लखनपुरी में 2 जुलाई को गोटुल स्पोर्ट्स एकेडमी, कोया बुक बैंक एवं गोटुल एजुकेशन एकेडमी की कक्षा संचालन एवं द्वितीय प्रशिक्षण बैच के शुभारंभ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह के दौरान पर्वतारोही बालिकाओं तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा ने युवाओं को शिक्षा के महत्व और खेलों में अनुशासन की भावना को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के पहल से ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मंच मिलेगा और समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। डॉ. लखन जुर्री ने कहा कि समारोह का उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल के युवाओं और बच्चों को शिक्षा, खेलकूद, पर्वतारोहण एवं व्यक्तित्व विकास के अवसर उपलब्ध कराना है। साथ ही कोया बुक बैंक के माध्यम से निःशुल्क पुस्तक वितरण एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने की योजना है। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। जिसमें चारामा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार साहू ने अभियान के दिशा-निर्देश साझा किया। ग्रामीणों और युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई व नशा-मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रशासन और पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

कानापोड़ सरपंच बलराम जुर्री ने कहा



कि केबीकेएस का यह प्रयास हम सबके लिए गौरव का विषय है कि युवाओं को सही मार्गदर्शन और भविष्य संवारने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केबीकेएस की ओर से अश्विनी कांगे ने गोटुल स्पोर्ट्स एकेडमी, कोया बुक बैंक एवं एजुकेशन एकेडमी के उद्देश्य को बताया कि ग्रामीण एवं आदिवासी विद्यार्थियों को पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री सुलभ कराना, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सहयोग देना, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सामान्य ज्ञान और व्यक्तित्व विकास पर विशेष कक्षाएं चलाया जा रहा है। खेल प्रशिक्षण के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना, साहसिक खेलों में भागीदारी के माध्यम से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए यह एकेडमी लगातार कार्य कर रही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी संदीप साहू, प्रशिक्षक प्रभाराम भगत, भावेश सलाम, गौतम कुंजाम, श्रवण दर्रो एवं नैतूराम साहू ने भी संबोधित किया।

### पर्वतारोहण में स्थानीय युवाओं की बताई भागीदारी

*कार्यक्रम में गोटुल स्पोर्ट्स एकेडमी की उपलब्धियां व अभियानों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मंच के सामने हिमालय पर्वत, कुन पर्वत 7077 मीटर ऊँचाई और देव टिब्बा पर्वत 6001 मीटर ऊँचाई पर्वतारोहण अभियानों के पोस्टर प्रदर्शित किए गए। इन अभियानों में स्थानीय युवाओं की भागीदारी और सफलता की कहानियां भी साझा किया गया।*



## खबर संक्षेप

### अस्पताल पहुंचने से पहले युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए युवक का अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक 32 वर्षीय उमेंद्र निषाद सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए 3 जुलाई को अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### स्वास्थ्य विभाग की अन्तर्विभागीय समन्वय की बैठक 8 को

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय की बैठक 08 जुलाई मंगलवार को समय-सीमा की बैठक उपरांत की जाएगी। उक्त बैठक में फ्लोरोसिस अधिकता वाले पेयजल स्रोतों का निराकरण, स्कूली बच्चों सहित समुदाय में फ्लोरोसिस के लिए जांच एवं निगरानी, पंचायत स्तर पर फ्लोरोसिस अधिकता से होने वाले बीमारियों की पहचान एवं प्रबंधन आदि बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है।

### विद्यारंभ से वैचारिक क्रांति तक: कांकेर में हुआ भव्य जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

# शिक्षा के साथ संस्कार और वैचारिक क्रांति लाना आवश्यक : सांसद भोजराज नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मनुष्य के 16 संस्कारों में से एक विद्यारंभ संस्कार होता है। प्राचीनकाल में गुरू-शिष्य परंपरा का यह अनिवार्य हिस्सा था। आज के विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उनमें संस्कार डालना और वैचारिक क्रांति लाना बहुत आवश्यक है। शिक्षा से भविष्य संवरता है और श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण होता है, इसलिए जीवन में सफल होने के लिए शिक्षित होना अनिवार्य है। उक्त बातें सांसद भोजराज नाग ने जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कही।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध उपदेश का स्मरण करते हुए उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों से कहा कि तब तक रूको मत, जब तक अपने लक्ष्य की प्राप्ति न हो। सांसद ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को बधाई देते हुए अच्छी शिक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि बाल मन और मस्तिष्क गीली मिट्टी की तरह होता है, जिसे जैसा चाहें वैसा आकार दे सकते हैं। यह गुरूजनों पर निर्भर करता है कि शिक्षा के माध्यम से तरह ज्ञान और बुद्धि को अंकुरित करें। आज के दौर में शिक्षकों का दायित्व महती हो गया है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सभ्यता और सुसंस्कारित करना भी बेहद जरूरी हो गया है। उन्हें व्यावहारिक ज्ञान, स्वास्थ्य, स्वच्छता और योग शिक्षा के बारे में भी शिक्षकों को जागरूक होने की बात कही।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के प्रतिवेदन का वाचन करते हुए बताया कि विगत दो वर्षों से हमर लक्ष्य अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप जिले में सत्र 2022-23 में 05 छात्र तथा 2023-24 में 09 छात्रों एवं 2024-25 में 07 छात्रों ने राज्य मेरिट में स्थान बनाया है। जिले का पासिंग पर्सेंटेज भी कक्षा 10वीं में 91.05 एवं कक्षा 12वीं से 90.69 रहा है। इसी तरह 2022-23 में जेईई के 75 छात्र क्वालीफाईड हुए एवं नीट में 82 छात्र क्वालीफाईड हुए हैं, जिसमें से जिला प्रशासन द्वारा 17 एनआईटी,





आईआईटी एवं नीट के 03 छात्रों एमबीबीएस, नर्सिंग 09 छात्रों को निःशुल्क प्रवेश दिलाया गया है। 2023-24 में जेईई से 33 छात्र तथा नीट से 35 छात्र, 2024-25 में 29 छात्र जेईई में क्वालीफाईड हुए हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में जहां 2023-24 में 526 छात्र एवं 2024-25 में 356 छात्र चयनित हुए हैं, वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय में 58 छात्र कक्षा 6वीं के लिए चयनित हुए हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी विद्यालयों में नई दिशा कैरियर गाईडेंस पत्रिका का प्रकाशित कराई गई है ताकि प्रारंभ से ही बच्चों को कैरियर गाईडेंस संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी और महेश जैन ने भी अपने विचार रखे।

### छात्रों का किया गया सम्मान

विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 05 छात्राओं को प्रोत्साहन योजनांतर्गत 21-21 हजार रूपए के चेक अतिथियों के द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से प्रदाय किए गए। कक्षा नवमीं की छात्राओं को सरस्वती निःशुल्क सायकल योजना के तहत 24 छात्राओं को सायकिल वितरित की गई और साथ ही कैरियर गाइडेंस पत्रिका नई दिशा का वितरण किया गया।

### प्राचार्यों का किया सम्मान

जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के दौरान जिले के सभी सातों विकासखण्डों में बोर्ड कक्षाओं में शत-प्रतिशत उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के संस्था प्रमुखों तथा विषय विशेषज्ञों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सांसद, विधायक सहित मंचस्थ अतिथियों के द्वारा शाला नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया और साथ ही बच्चों को शाला गणवेश और पाठ्य पुस्तक, स्कूल बैग भी निःशुल्क वितरित किए गए। इसके अलावा दिव्यांग विद्यार्थियों को ब्रेल लिपि किट, व्हील चेयर व अन्य सहायक उपकरण प्रदाय किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, दिलीप जायसवाल, राजीवलोचन सिंह, आलोक ठाकुर, सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद, जनप्रतिनिधिगण के अलावा अधिकारियों में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल सहित प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी और पालकगण मौजूद रहे।

## सराफा व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की बैठक टीआई ने दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा थाना परिसर में नगर के सराफा व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित किया गया। थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार साहू के द्वारा नगर के सभी प्रमुख ज्वेलर्स व सराफा व्यापारियों के साथ चर्चा किया और थाना प्रभारी ने नगर के व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह से सजग है।



- थाना प्रभारी ने व्यापारियों से की चर्चा, सुरक्षा को लेकर दिया आश्वासन
- सीसीटीवी, गश्त और कर्मचारी सत्यापन पर हुआ फोकस

आयोजित बैठक में सराफा कारोबार से जुड़े लोगों को सुरक्षा को लेकर जागरूक करना और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान करना था। थाना प्रभारी ने जितेन्द्र कुमार साहू ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह से सजग है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, समय पर पुलिस गश्त, दुकानों में कार्य कर रहे कर्मचारियों का सत्यापन और बैंक से लेन-देन के समय विशेष सावधानी बरतने के बारे में चर्चा किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस और आप सभी की आपसी सहयोग से किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना को रोका जा सकता है। सराफा व्यापारियों ने थाना प्रभारी का आभार जताया और कहा कि इस तरह की बैठक से उन्हें सुरक्षा को लेकर भरोसा मिलता है। थाना प्रभारी ने सभी व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी मदद के लिए तत्पर है और ऐसे संवाद कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

## भारी मात्रा में देशी महुआ शराब और महुआ जब्त, हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गोण्डहुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए हाथ भट्टी से बने 35 लीटर महुआ शराब जिसकी कीमत 4 हजार 900 रूपएं के साथ ग्रामीण को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खेत में दी दबिश, अवैध शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी



पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि एक व्यक्ति हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब बनाने का काम करता है और अपने कब्जे में भारी मात्रा में महुआ शराब को रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। मिली जानकारी कि तस्दीक कर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी किया और पीव्ही 53 निवासी अनुरूद्ध विश्वास के खेत लाड़ी में दबिस दिया। कार्यवाही के दौरान शराब बनाने के लिए ड्रम मे भरा हुआ महुआ पास एवं तीन गेलन देशी महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपी अनिरूद्ध विश्वास के कब्जे से 3 सफेद रंग का प्लास्टिक जरकीन, एक बीस लीटर वाला जरकीन में लगभग 20 लीटर भरा हुआ देशी महुआ शराब, एक 10 लीटर वाला जरकीन मे लगभग 10 लीटर भरा हुआ देशी महुआ शराब व एक 05 लीटर वाला जरकीन मे 05 लीटर भरा हुआ देशी महुआ शराब। कुल 35 लीटर देशी हाथ भट्टी से बना महुआ शराब किमती रकम लगभग 4 हजार 900 रूपए, 10 नग डिस्पोजल, एक नग स्टील ड्रम, दो नग नीला रंग का प्लास्टीक ड्रम, 70 नग झिल्ली एवं 200 रूपए को जप्त किया गया। आरोपी अनुरूद्ध विश्वास के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## कुरालठेमली आश्रम में अधीक्षिका की अनुपस्थिति से छात्राओं का भविष्य अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत संचालित आदर्श कन्या आश्रम कुरालठेमली में इन दिनों गंभीर प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। आश्रम में अधीक्षिका पद रिक्त होने के चलते छात्राओं की पढ़ाई पूरी तरह से ठप्प पड़ी हुई है। आश्रम में छोटे छोटे बालिका दाखिला लेकर वापस अपने घर लौट रहे हैं व बच्चियाँ अब तक शिक्षा के अधिकार से वंचित होने की स्थिति निर्मित हो रही हैं।

- अधीक्षिका के बिना चल रहा आश्रम, छात्राएं लौट रहीं घर
- शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराज़गी




आदर्श कन्या आश्रम क्षेत्र की बालिकाओं के लिए शिक्षा का एकमात्र साधन है, जहाँ दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों की बच्चियाँ रहकर पढ़ाई करती हैं। अधीक्षिका की अनुपस्थिति के चलते न केवल उनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक विकास पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। आश्रम की प्रधान पाठक कांता मांडवी ने बताया कि पूर्व अधीक्षिका का पदोन्नति हो जाने के बाद से वह स्थानांतरित हो गई है और अब तक किसी नई अधीक्षिका की नियुक्ति नहीं की गई है। ऐसे में छात्राओं को आश्रम में प्रवेश तो दिया जा रहा है, लेकिन शैक्षणिक गतिविधियाँ पूरी तरह से ठप्प हो गई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा और देखरेख के लिए अधीक्षिका का होना अनिवार्य है। जब तक यह पद नहीं भरता, तब तक छात्राओं को बुलाना प्रशासनिक नियमों के विरुद्ध होगा। इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत की सरपंच कचरी बाई नेताम और उपसरपंच शिशुपाल ठाकुर द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों और संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस पहल या समाधान सामने नहीं आया है। न तो किसी अधिकारी ने स्थल निरीक्षण किया और न ही नई अधीक्षिका की नियुक्ति को लेकर कोई प्रक्रिया शुरू की गई।

**ग्रामीणों ने दी आंदोलन करने की चेतावनी**-स्थानीय ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नई अधीक्षिका की नियुक्ति की जाए, ताकि आश्रम को पुनः प्रारंभ किया जा सके और छात्राओं का भविष्य सुरक्षित रह सके। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।



## कृषि स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न

**कांकेर।** कृषि स्थायी समिति की बैठक उप संचालक कृषि के सभाकक्ष में सभापति दिपंकर राय की अध्यक्षता में एजेण्डावार कृषि विभाग के रबी 2024-25 एवं खरीफ 2025 क्षेत्राच्छादन, बीज-खाद वितरण, फसल प्रदर्शन, बीज उत्पादन कार्यक्रम एवं संचालित केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य पोषित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके अलावा बैठक में उद्यान, मछलीपालन, पशुपालन, क्रेडा, बीज प्रक्रिया केन्द्र, जिला विपणन, प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं विद्युत विभाग के संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष ताराबती ठाकुर, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार कोमरा सहित कृषि स्थायी समिति के सदस्य एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ मामले की होगी दण्डाधिकारी जांच, 15 दिनों में मांगा गया प्रतिवेदन

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के छोटेबेठिया थाना अंतर्गत ग्राम आमाटोला के जंगल पहाड़ी में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना की दण्डाधिकारी जांच का आदेश दिया है। जारी आदेशानुसार छोटेबेठिया थाना अंतर्गत 20 जून 2025 को ग्राम आमाटोला की जंगल पहाड़ी में पुलिस एवं माओवादियों के मध्य मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक अज्ञात महिला माओवादी की मृत्यु हो गई थी। इसकी दण्डाधिकारी जांच किए जाने पुलिस अधीक्षक की मांग अनुसार घटना की निष्पक्ष जांच, गंभीरता एवं आवश्यकता को देखते हुए डिप्टी कलेक्टर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व पखांजूर टीआर देवांगन को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी को दण्डाधिकारी जांच के उपरांत निर्धारित 12 बिन्दुओं में प्रतिवेदन तैयार कर 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

## भानबेड़ा आत्मानंद विद्यालय का बीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय भानबेडा में खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे के द्वारा निरीक्षण के दरमियान कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बीईओ ने बच्चों को बताया कि मेरा गृहगांव भानबेडा है तथा भानबेडा से ही पढ़कर जिला तथा राज्य में बहुत से अधिकारी बने हैं एवं जिला पंचायत सीईओ भी आपके ही गांव से हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे के द्वारा बच्चों को मोटिवेट करते हुए बताया की जुलाई माह से ही आप लोग अपनी दिनचर्या का एक टाइम टेबल बना लीजिए। दिन के 24 घंटो का उपयोग कैसे करना है यह बहुत ही सरल तरीके से बताकर बच्चों को समय की उपयोगिता पढ़ाई के लिए शरीर का पूरी तरह स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। टॉप 10 में स्थान बनाने के लिए बच्चों के सामने उत्कृष्ट विद्यार्थियों का उदाहरण पेश किया। बच्चों को अपने लक्ष्य को केंद्रित करने को कहा शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे आप भविष्य हर सुख सुविधा का लाभ उठा सकते है। शिक्षकों को निर्देशित किया कि कक्षा 9वीं एवं ग्यारहवीं के अंकों के आधार पर अभी से ही उत्कृष्ट बच्चों का चयन कर उनको टॉपटेन में लाने के लिए कार्य योजना बनाएं। शाला प्राचार्य जयराम तेता ने पूर्व की उपलब्धियां एवं शालेय शिक्षण व्यवस्था के बारे में जानकारी दिया एवं सभी शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।



### 72 साल बाद 6 जुलाई को ग्रहों का बन रहा है अद्भुत संयोग

## देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु योग निद्रा में जाएंगे, 118 दिनों तक चलेगा चातुर्मास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देवशयनी एकादशी पर अबकी बार ग्रहों का अद्भुत संयोग बन रहा है। देवशयनी एकादशी 6 जुलाई रविवार को है। देवशयनी एकादशी पर अबकी बार सालों बाद गुरु आदित्य योग का अद्भुत संयोग बन रहा है। मिथुन राशि में गुरु और सूर्य की युति से गुरुआदित्य योग बन रहा है। देवशयनी एकादशी के साथ चातुर्मास शुरू हो रहा है जो 118 दिनों तक चलेगा। इस दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में रहेंगे और शुभ कार्य वर्जित रहेंगे।

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। यह दिन धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इसी दिन भगवान विष्णु क्षीर सागर में शयन करने चले जाते हैं और चार माह बाद देवउठनी एकादशी को जागते है। यह समय साधना, सेवा, व्रत, आत्मचिंतन और धार्मिक अनुशासन के लिए सर्वोतम माना गया है। चातुर्मास अर्थात चार महीने का समय जो श्रावण, भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक माह तक चलता है। हिंदु धर्म में इन चातुर्मास का विशेष महत्व है। विष्णुपुराण के अनुसार इन चार माह में सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु क्षीरसागर में विश्राम के लिए चले जाते है, जिस कारण सभी मांगलिक एवं शुभ कार्य शुभ विवाह, ग्रह प्रवेश, मुंडन संस्कार आदिश शुभ एवं मांगलिक कार्य रूक जाते है। भगवान क्षीरसागर देवोत्था एकादशी पर जगने के बाद ही शुभ कार्य प्रारंभ होते है।




### देवशयनी पर बन रहे चार शुभ योग

देवशयनी एकादशी पर इस बार चार अत्यंत शुभ योग साध्य योग, शुभ योग, त्रिपुष्कर योग और रवि योग बन रहा है। इन योगों में किया गया व्रत, दान, मंत्र जाप और मां लक्ष्मी की पूजा सौ गुना अधिक फलदायी मानी जाती है। यह योग संपत्ति, सुख, सौभाग्य और व्यावसायिक उन्नति के लिए अत्यंत शुभ हैं।

### हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म के लिए चातुर्मास है विशेष

चातुर्मास काल आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक होता है। । चातुर्मास का अर्थ सिर्फ चार महीने नहीं, यह वो समय है जिसमें आत्मशुद्धि की प्रक्रिया तेज होती है। इस दौरान साधु-संत भी विहार नहीं करते और एक ही स्थान पर रहकर ध्यान और उपदेश देते हैं। चातुर्मास में जहां हिंदू धर्म में भगवान विष्णु की उपासना, व्रत और धार्मिक अनुशासन पर जोर दिया जाता है, वहीं जैन धर्म में यह काल पर्यूषण पर्व और सामायिक जैसी महत्वपूर्ण साधनाओं का होता है। बौद्ध धर्म में इस समय गौतम बुद्ध ने वर्षा ऋतु में भ्रमण न करने और एक ही स्थान पर ध्यान करने का उपदेश दिया था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


गोवा-बाम्बे
महालक्ष्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
19 जुलाई, 14 अगस्त, 6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411